

02

नूंह में भारी सुरक्षा के बीच हुई मतगणना

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

25वां संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, सोमवार, 28 नवंबर 2022


राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अमांत-मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष पंचमी, मूल्य, 2.00 रुपए


# अरावली की पहाड़ियों का किया निरीक्षण

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने रविवार को अरावली यात्रा में भाग लिया। इस यात्रा का आयोजन सेव अरावली ट्रस्ट नामक एनजीओ के द्वारा किया गया। जो लगातार कई वर्षों से अरावली के जंगलों के संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है और सरकार से इन्हें ना काटने के लिए आंदोलन कर रही है। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य जनमानस को जंगलों की दशा और उपयोगिता दिखाना और उनके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना था।

जिस प्रकृति ने हमें इतने संसाधन दिए हम सिर्फ उसका भोग कर रहे हैं, तो अब समय है हम अपनी धरती मां की सुरक्षा करें और उसका कर्ज चुकाएं। ट्रस्ट के माननीय समन्वयक जितेंद्र भडाना,पंकज ग्रोवर और यश के नेतृत्व में इस यात्रा का आयोजन किया गया. इस यात्रा की कुल दूरी 4 किलोमीटर थी और लगभग सुबह 7 बजे से मोहब्बताबाद से इस यात्रा का शुभारंभ हुआ। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न हिस्सों से लोगों ने इसमें भाग लिया। प्राचार्य डॉ.कृष्णकांत के दिशा निर्देशन में एनएसएस इकाई द्वद्व के 10 स्वयंसेवकों ने इस यात्रा में भागीदारी की प्राचार्य ने वन संरक्षण की दिशा में इसे कारगर कदम बताया और इस यात्रा को अपने आप में एक अनूठी पहल बताया उन्होंने युवा पीढ़ी को पर्यावरण




अरावली की पहाड़ियों का निरीक्षण करते हुए।

संरक्षण के प्रति सजगता और समझदारी सुनिश्चित करने संदेश दिया। कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य जी ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शोभना गोयल और सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आग्रह किया।